## सार-समाचार

### कृषि मेला 21 से

**नोहर ।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान खुशालदास विश्वविद्यालय में जिला प्रशासन एवं एमएसएमई खुशालदास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर 21,22 एव 23 फरवरी को आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कृषि मेले को लेकर स्थानीय पंचायत समिति सभागार मे सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस संबंध में श्री खुशालदास यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा बताया कि यह कृषि मेला राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगा। मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, स्मार्ट फार्मिंग मॉडल, कृषि स्टार्टअप और विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देना है। मेले में देशभर के चुनिंदा कृषि वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ किसानों से संवाद करेंगे और उन्हें खेती की नई तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन देंगे। साथ ही ड्रोन प्रदर्शन, जैविक खेती प्रदर्शनी, बागवानी, पशुपालन और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कई आयोजन भी किए जाएंगे। इस मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें नई कृषि तकनीकों से परिचित कराना है। किसानों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।कृषि महोत्सव के दौरान प्रसिद्ध सूफी गायिका मन्नत नूर 21 फरवरी को उद्घाटन अवसर पर एवं लोकप्रिय कलाकार राज मावर 22 फरवरी को अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को आकर्षक बनाएंगे। उपखण्डाधिकारी पंचायत समिति प्रशासक राहुल श्रीवास्तव बताया की आज के समय में कृषि को परंपरा से आगे बढ़ाकर तकनीक, नवाचार और उद्यिमता से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से किसानों को नई सोच, आधुनिक तकनीकों एवं बाजार से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक रीढ है। यदि किसान सशक्त होगा, तो समाज और राष्ट्र स्वत: सशक्त होंगे। मेले में प्रगतिशील किसान एवं कृषि विशेषज्ञ कम लागत वाले कृषि नवाचारों को अपनाकर किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर मार्गदर्शन देंगे। सुचना एव जनसम्पर्क अधिकारी राजपाल लंबोरिया ने बताया की किसानों की सुविधा के लिए बसों की व्यवस्था भी गई है । विभिन्न तहसील मुख्यालय से अनैक बसे शाम को वापस गंतव्य पर जायेगी। इस मौके पर निजी शिक्षण संघ के प्रदीप पुरोहित, प्रताप सीवर, सुलतान सिहं सोलंकी, महावीर सीवर, सुचना सहायक दुष्यंत चौधरी, सुरेन्द्र बाना, मुकेश गिदवानी, एसकेडी के मनीश कोशिक, अनिल जान्दु आदि उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया

**झुंझुनूं ।** स्थानीय पुरोहितों की बगीची स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था के मंत्री शिवचरण पुरोहित ने बताया कि प्रात:काल से ही रात्रि तक भक्तों ने महाकाल की पूजा अर्चना कर भोलेनाथ को रिझाया। सायंकाल मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया। शिव महिम्न मंडल के सदस्यों ने पंडित संजू शर्मा के सानिध्य में सपरिवार भगवान आशुतोष की पांच प्रहर की पूजा अर्चना कर चार अभिषेक दुग्धाभिषेक, गन्ने के रस से, पंचामृत से और गंगा जल से अभिषेक किया तथा सामूहिक महिम्न पाठ किया। रात्रि को शुभकरण चोपदार एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति देकर महादेव को रिझाया। इस अवसर पर शिव महिम्न मंडल के शिवचरण पुरोहित, रामरतन पंसारी, शरद शर्मा, राजकुमार सिंघानिया, मुकेश जलान, गोपालकृष्ण गुप्ता, शशिकांत पुरोहित, रविशंकर पुरोहित, प्रमोद चोटियां, प्रकाश तुलस्यान, धर्मेंद्र शर्मा, पंकज पुरोहित, अमिताभ पुरोहित, सौरभ तुलस्यान, मोहनलाल पुरोहित, पूनम पुरोहित, अंजू पुरोहित, सुशीला गुप्ता, किरण पुरोहित, सदस्यों के अलावा शुभकरण चोपदार, अनिल जांगिड़, अनिल बाक्यान, विनोद वर्मा, दीपक वर्मा, नरेश पुरोहित, शिवप्रकाश पुरोहित, अरुण राणासरिया, हरफूल बाकोलिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अंडर ब्रिज की डिजाइन को लेकर जमकर विरोध

**चूरू ।** ओम कॉलोनी स्थित शिवाजी पार्क में रविवार को दक्षिण चूरू विकास समिति की बैठक में ओम कॉलोनी में प्रस्तावित अंडर ब्रिज की डिजाइन को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही ओम कॉलोनी रेलवे फाटक को यथावत रखने की आवाज भी उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा की ओम कॉलोनी रेलवे फाटक शहर की ओम कॉलोनी, शिव कॉलोनी, मंगला कालोनी व आसपास क्षेत्र को जोड़ने वाली जीवन रेखा है। रेलवे प्रशासन द्वारा फाटक बंद कर संकीर्ण अंडरपास बनाए जाने की योजना पर लोगों ने नाराजगी जताई। समिति का कहना है कि प्रस्तावित अंडर ब्रिज की चौड़ाई और ऊंचाई इतनी कम है कि केवल दुपहिया वाहन ही निकल सकेंगे। एंबुलेंस तक का आवागमन भी नहीं हो सकेगा। जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। समिति ने अंडर ब्रिज की चौड़ाई-ऊंचाई बढ़ाने और रेलवे फाटक यथावत रखने की मांग की। चेतावनी दी गई है कि मांगे नहीं मानी गई तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

### बालाजी महाराज का आशीर्वाद लिया

**पाटन ।** ग्राम मोठूका स्थित खातनोडी बालाजी मंदिर में आयोजित 15 वें विशाल जागरण एवं भंडारा कार्यक्रम में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने बालाजी महाराज के दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त जनमानस के मंगल और समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम का आयोजन संत प्रेमदास महाराज, श्याम दास महाराज, रोहित दास स्वामी (पुजारी) एवं राकेश (पुजारी) के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। संपूर्ण आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ, जहाँ भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ठाहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। साथ ही भक्तिमय संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित वीरांगना कविता सामोता, प्रदेश सहसंयोजक, सैनिक प्रकोष्ठ, भाजपा राजस्थान ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और संस्कारों का संचार होता है। उन्होंने आयोजन समिति एवं समस्त सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सफल आयोजनों की कामना की।

### मेले के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सीकर ।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर खाटूश्यामजी में आयोजित होने वाले श्री श्याम बाबा लक्खी मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा मेले के सुगम संचालन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की है। आदेशानुसार मोनिका सामोर उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ्ढ को मेला मजिस्ट्रेट तथा महिपाल सिंह राजावत तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

### टेबिल टेनिस कोर्ट का उद्घाटन

**नोहर ।** स्थानीय बालकृष्ण बिहाणी स्टेडियम के हाल में सोमवार को टेबिल टेनिस कोर्ट का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंद्रकुमार खाती की अध्यक्षता मे उपखंडाधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने रीबन काटकर किया। समारोह मे विशिष्ट अतिथि सीबीईओ विनोद बेनीवाल, राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय के प्रधानाचार्य महेंद्र मिश्रा, पत्रकार सुमन ओझा, समाजिक कार्यकर्ता अजय सरावगी एव प्रॉपर्टी डीलर रामकुमार सैनी थे। इस मौके पर नोहर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष शशिकांत शर्मा ने स्टेडियम में एक दूसरा ठासिंग मैदान तैयार करवाने की मांग रखी जिसको उपखण्डाधिकारी राहुल श्रीवास्तव ने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कोच जुल्फिकार पठान, लूणाराम, गुलफान खान, ओम चौधरी , राजीव पारीक, जयकिशन वर्मा, राकेश नागल, आदि मौजूद था।

### कथावाचक का अभिनंदन

**झुंझुनूं ।** कारूंडिया रोड स्थित स्काउट गाइड मैदान में अलसीसर शर्मा परिवार के तत्वावधान में गौसंवर्धन के लिए हो रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में व्यास पीठ पर वाचन कर रहे कथावाचक इस्कॉन मंदिर अमेरिका के लाल गोविंद दास महाराज का श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं चूणा चौक विकास समिति के अध्यक्ष शिवचरण पुरोहित के सानिध्य में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर परमेश्वर हलवाई, जुगलकिशोर पाटोदिया, सुरेंद्र अठावाल, एडवोकेट नरेश परसरामपुरिया, सुरेन्द्र कुमार शर्मा प्रधानाध्यापक, उमाशंकर मंहमिया, कथा संयोजक प्रदीप शर्मा अलसीसर वाले सहित आयोजक परिवार भी उपस्थित था।

# सीकर में रथ यात्रा से बाल विवाह रोकथाम का संदेश

- बाल विवाह की सूचना पर होगी कानूनी कार्रवाई : कलेक्टर मुकुल शर्मा
- बाल विवाह की रोकथाम हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : डॉ गार्गी शर्मा
- बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अभियान के तहत सोमवार को जिला प्रशासन और गायत्री सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रथ यात्रा को दिखाई हरी झंडी

**सीकर ।** बाल विवाह की रोकथाम को लेकर देश भर में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिन के विशेष अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन , बाल अधिकारिता विभाग , जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला अधिकारिता विभाग, गायत्री सेवा संस्थान एवं जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संयुक्त तत्वावधान में जन जागरूकता रथ यात्रा की शुरुआत की गई। जिला कलेक्ट्रेट परिसर से रथ यात्रा को सीकर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ,अतरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार स्वामी , बाल अधिकारिता विभाग सहायक उपनिदेशक डॉ. गार्गी शर्मा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की बहुत बड़ी कुप्रथा के साथ-साथ कानूनन अपराध है एवं इसमें सम्मिलित सभी हितधारकों को सजा का भी प्रावधान है। इस लिए न तो बाल विवाह करवाए न ही इसके हिस्सेदार बने।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजपाल सिंह ने कहा की इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा एवं सरकार द्वारा संचालित इस 100 दिन के विशेष अभियान के माध्यम से आमजन को जागरूक कर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकना होगा। उपनिदेशक बाल अधिकारिता विभाग डॉ गार्गी शर्मा ने बताया की संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन जिसका नंबर 1098 पर भी बाल विवाह की सूचना के लिए सूचित किया जा सकता हैं , बाल विवाह की रोकथाम न केवल प्रशासन की जिम्मेदारी है बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। गायत्री सेवा संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक नरेश कुमार सैनी ने बताया की रथ यात्रा जिले के समस्त ठामीण क्षेत्रों तक जाकर बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाएगी। अभियान के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानून के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी जा रही है। बाल विवाह की सूचना संस्थान की हेल्पलाइन 9521479820 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दी जा सकती है, सूचना देने वाले की पहचान पूर्णरूप से गोपनीय रखी जाएगी। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड़, सदस्य बिहारी लाल बालान, इंदिरा शर्मा सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गिरधारी लाल शर्मा महिला अनुसंधान सेल , ईश्वर सिंह राठौड़ पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर , अर्चना मौर्य डीपीएम राजविका , राजेंद्र चौधरी सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग , बी एल मील ब्ल्ड मोटीवेटर, गायत्री सेवा संस्थान जितेंद्र नाथावतपुरा, मीना कुमारी, अभिषेक बगड़िया आदि उपस्थित रहें।

## श्रीकृष्ण जन्म व नंदगांव गमन प्रसंग में भक्त हुए भाव-विभोर

- नंद के आनंद भयो, हाथी घोड़ा पालकी, जय हो कन्हैया लाल की, गूंज उठा पांडाल

**झुंझुनूं ।** स्थानीय स्काउट-गाइड मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म और उन्हें सुरक्षित नंदगांव पहुंचाने के मार्मिक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा नजर आया। कथावाचक महराज का ने कहा अत्याचारी कंस के कारागार में देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ। जन्म लेते ही चारों ओर दिव्य प्रकाश फैल गया और पहरेदार गहरी नींद में सो गए। इसके बाद पिता वसुदेव ने नवजात बालक को टोकरी में रखकर उफनती यमुना को पार किया।

कथा में वर्णित हुआ कि किस प्रकार शेषनाग ने अपने फनों से वर्षा से रक्षा की और यमुना ने भी भगवान के चरण स्पर्श कर मार्ग प्रदान किया। वसुदेव जी बालक कृष्ण को सुरक्षित नंदगांव पहुंचाकर वहां नंद-यशोदा के यहां जन्मी कन्या को लेकर वापस कारागार लौट आए। इस प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और नंद के आनंद भयो हाथी घोड़ा पालकी। जय हो कन्हैया लाल की के जयघोष से पंडाल गूंज उठा। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, पुष्प वर्षा और आरती का आयोजन किया गया। कथा संयोजक प्रदीप शर्मा अलसीसर वाले ने बताया ने मुख्य यजमान पुष्पा देवी व विमल शर्मा ने व्यासपीठ व भागवत पौथी की पूजा व आरती की। कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुनिल शर्मा, आदित्य शर्मा, दीपक शर्मा, अठावाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश हलवाई चिड़ावावाला, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद सिंघानिया, ओमप्रकाश ढंढ, केशरदेव सहल, राजकुमार केडिया, उमाशंकर महमिया, शिवचरण पुरोहित, रामगोपाल महमिया, सुरेंद्र शर्मा, गोपी पुरोहित, जुगल किशोर पाटोदिया आदि भक्तगण मौजूद थे।

## आबकारी व वन विभाग के एक वर्ष से लंबित मामलों पर चर्चा

- साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) भावना शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि स्तर बढ़ाने के निर्देश दिए। एडीएम सिटी भावना शर्मा ने कहा कि सीएमओ प्रकरणों में संबंधित विभाग तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमओ, लाइट्स प्रकरण सहित आबकारी एवं वन विभाग के एक वर्ष से लंबित मामलों पर चर्चा करते हुए शीघ्र रिप्लाई फाइल करने के निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने लाईट्स प्रकरणों में ओआईसी का नाम अपडेट करवाने तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने रसद विभाग को एनएफएसए में पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने के लिए नगर परिषद, सभी नगर पालिकाओं से समन्वय बढ़ाने के साथ ही अजमेर विद्युत वितरण निगम को कुसुम योजना में प्रगति बढ़ाने के निर्देश प्रदान किए।

सहायक निदेशक, प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा ने बैठक में अवगत कराया कि ई-फाइल प्रणाली के माध्यम से जिला रसद, चिकित्सा, कृषि एवं विद्युत विभाग को पत्रावली निस्तारण में समय को कम करने तथा एसई वाटरशेड रमेश कुमार मीणा ने एमजेएसए के स्वीकृत कार्यों में संबंधित विभागों को सर्वे करवाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए गए। महिला अधिकारिता विभाग की वन स्टॉप सेंटर समिति, जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र समिति, इंदिरा महिला शक्ति केन्द्र समिति, राज्य महिला नीति, बालिका नीति, जिला महिला समाधान समिति, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र समिति की प्रगति समीक्षा करते हुए सहायक निदेशक राजेंद्र चौधरी को निर्देश दिये। कि पन्नाधाय सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की संवीक्षा कर पात्र कार्मिकों को सम्मानित करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## उपकरण वितरण शिविर 22 से

**झुंझुनूं ।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज व अखिल भारतीय अठावाल सम्मेलन द्वारा विशाल निशुल्क दिव्यांग उपकरण वितरण मेगा शिविर का आयोजन 22 से 24 फरवरी तक लावरेश्वर महादेव मंदिर परिसर झुंझुनूं में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया जाएगा। संयोजक श्यामसुंदर जालान बताया कि शिविर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय होगा। शिविर में ट्राई साइकिल, कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ, कैलीपर्स, व्हीलचेयर, वैशाखी, वाकर, बुजुर्ग छड़ी, कान की मशीन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, समस्त जिले के लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। कृत्रिम अंग शिविर स्थल पर ही बनाए जाएंगे। उपकरण बनाने के लिए वर्क शॉप की तैयारी जोरों से चल रही है।

# शिविर में रूग्ण मानव की महत्ति सेवा

- शिविर में स्थानीय तथा सुदूर से आए रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं दवा प्रदान की गई, कुल 210 रूग्ण मानव की इस शिविर में सेवा की गई

**लक्ष्मणगढ़ / सीकर ।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन, चूरू एवं विशाल सिंहजी शेखावत निहाल कंवर सा मेमोरियल ट्रस्ट (रजि.) कुमास / चूरू के तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ (सीकर) स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में पीठाधीश्वर संत पद्मश्री बैजनाथ जी महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में स्थानीय तथा सुदूर से आए रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं दवा प्रदान की गई। कुल 210 रूग्ण मानव की इस शिविर में सेवा की गई।

आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ जी के अनुसार हमेशा की भांति शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बीएल गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी दास, डॉ. हर्षवद्र्धन शेखावत, विजय कुमार गोस्वामी एवं उनकी टीम ने अपनी नि:शुल्क सेवाएं दी। चिकित्सा शिविर प्रभारी एवं एसोसिएशन तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, प्रोस्टेट, पाईल्स, फीसर, फिस्चुला, नासूर, सोराएसिस, सफेद दाग, बच्चेदानी की गांठ, ट्ययूमर सहित महिलाओं की बीमारियों तथा मस्से के रोगियों की संख्या अधिक रही। प्रारंभ में श्रद्धानाथ जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व आर.ए.एस. सज्जन सिंह चिड़ासरा एवं डॉ. शेखावत ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ जी की अगुवाई में आश्रम के (विद्यापीठ) के विद्यार्थियों ने शिवजी की महिमा व भक्ति संगीत से वातावरण को धर्ममय बना दिया।

# जयपुर के कलाकारों ने थियेटर से दिया देश भक्ति का संदेश

- देशभक्ति की प्रस्तुतियों ने बांधा समां
- टीम टैलेंट्स विला चूरू की ओर से टाउन हॉल में हुआ एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम

**चूरू ।** स्थानीय टाउन हॉल में टीम टैलेंट्स विला चूरू की ओर से आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय व भावुक वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्र प्रेम, नैतिकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश देने वाला प्रेरणादायी मंच बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीतू नेहरा व प्रायोजक चंदन कलाकृति कलाकार पवन जांगिड़ ने दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सभागार भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष से गूंज उठा तथा उपस्थित जनसमूह ने खड़े होकर शहीदों को नमन किया। संस्थापक प्रदीप कत्थक ने स्वागत भाषण में कहा कि टीम टैलेंट्स का उद्देश्य शहर की विविध प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है और यह मंच सदैव कलाकारों के लिए खुला रहेगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में मोनिका द्वारा प्रस्तुत संदेशे आते हैं ने हर हृदय को भावुक कर दिया। विशाखा सोनगरा के नृत्य स्वरागिनियों से सजा भारत ने देशभक्ति की सुंदर अभिव्यक्ति दी। वहीं बजरंग कत्थक ने भारत माँ की संताने हम से जोश भर दिया। पिंटू शर्मा भारतीय की वीर रस कविता रण भौम धरम निभावण ने उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम का मार्मिक क्षण तब आया जब विनोद स्वामी ने एक शहीद की बेटी का एकल अभिनय प्रस्तुत किया। उनकी संवेदनशील अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को भाव-विभोर कर दिया। पूर्वाक्षी सैनी के नृत्य ऐ वतन आबाद रहे तू को खूब सराहा गया। कविता पाठ में पृथ्वी (आपणी पाठशाला) की भगत सिंह, सचिन राजगढ़ की एक भारत की पुकार, लक्की रामगढ़ की देशभक्ति रचना, चार्विक की शहीद की अंतिम चिट्ठी तथा मनीष शर्मा के विचारोत्तेजक प्रस्तुतीकरण ने शहीदों के बलिदान को शब्दों में सजीव कर दिया। आशीष गौतम आशु ने हास्य व्यंग्य की कविता प्रस्तुत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। अनिका की प्रस्तुति स्वतंत्रता एक संठाम भी प्रभावशाली रही। कार्यक्रम का सबसे मार्मिक क्षण तब आया जब विनोद स्वामी ने एक शहीद की बेटी का एकल अभिनय प्रस्तुत किया। उनकी संवेदनशील अभिव्यक्ति ने पूरे सभागार को भाव-विभोर कर दिया और कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। कार्यक्रम में जयपुर से आई विश्लेषण नाट्यय ठ्रुप ने जयवर्धन लिखित प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य नाटक गोरखधंधा का मंचन किया। नाटक ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, लालच और अनैतिक प्रवृत्तियों पर तीखा प्रहार करते हुए दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर किया। उमेश शर्मा, हितेंद्र जोशी, नीतू मिश्रा, देवांग सैनी, सोनू शर्मा, भीमा नाथ योगी और सच्चिदानंद मेहरा के प्रभावशाली अभिनय ने प्रस्तुति को सशक्त बनाया। नाटक के माध्यम से ईमानदारी, संतोष और नैतिक जीवन के महत्व का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व प्रशिक्षु डीएसपी स्वाति ने युवाओं को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आ ान किया। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी व मीनाक्षी पूनिया ने किया। पूनम शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## 6.14 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

**झुंझुनूं ।** नगर परिषद झुंझुनूं में आयोजित एक कार्यक्रम में झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह भांबू द्वारा शहर में कुल 6 करोड़ 14 लाख 31 हजार रूपए के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में 252.95 लाख रुपए के नवीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 361.36 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद विधायक के मार्गदर्शन में झुंझुनूं के समठा विकास और आमजन को राहत पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जब से भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार सत्ता में आई है। तब से झुंझुनूं शहर के रुके हुए विकास कार्यों को नई गति मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में झुंझुनूं को और भी कई विकास सौगातें मिलेंगी। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप पूनियां, विजय कुमार सैनी, विजेंद्र लांबा, संजय पारिक, चंद्रप्रकाश शुक्ला, प्रमोद जानूं, नरेन्द्र शर्मा, खालिद हुसैन, बुद्धराम सैनी, राकेश महला, सुरेश कस्वां एवं सुधीर चाहर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### चिकित्सा शिविर में 210 रोगी लाभान्वित

**चूरू ।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन चूरू व विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवर मेमोरियल ट्रस्ट (रजि.) कुमास चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ के श्रद्धानाथ आश्रम में ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ महाराज की पुण्य स्मृति में पीठाधीश्वर संत पद्मश्री बैजनाथ महाराज के सानिध्य में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय तथा दूसरे स्थानों से आये रोगियों को नि:शुल्क परामर्श व दवा वितरित की गई। शिविर में 210 रोगियों को परामर्श दिया गया। आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ के अनुसार हर वर्ष की भांति शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बी.एल. गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी. दास, डॉ. हर्षवद्धर्न शेखावत, विजय कुमार गोस्वामी व उनकी टीम ने नि:शुल्क सेवाएं दी। शिविर प्रभारी, एसोसिएशन तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, प्रोस्टेट, पाइल्स, फिशर, फिस्टुला, नासूर, सोरायसिस, सफेद दाग, बच्चेदानी की गांठ, ट्ययूमर सहित महिलाओं की बीमारियों तथा मस्से के रोगियों को परामर्श दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रद्धानाथ महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व आर.ए.एस. सज्जन सिंह चिडासरा व डॉ. शेखावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आश्रम के युवा संत प्रकाशनाथ की अगुवाई में आश्रम के के विद्यार्थियों ने शिव की महिमा व भक्ति संगीत से वातावरण को धार्मिकमय बना दिया।

### वार्षिकोत्सव में सोनू सूद का प्रेरक संदेश

**नवलगढ ।** बलवंतपुरा स्थित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल में वार्षिकोत्सव 'एलैसिया 2026' का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर सोनू सूद रहे। जबकि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार नरेश कुमावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। छात्राओं ने नृत्य-नाटिकाओं, स्कूल बैंड और ऑर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। बेस्ट डांसर, बेस्ट एकेडमिक, रेगुलैरिटी और ऑल-राउंड परफॉर्मेंस जैसी श्रेणियों में प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय सचिव व प्रसिद्ध मोटिवेटर बीएल रणवां ने बताया कि उत्सव का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। जबकि प्राचार्या इंदु सोनी ने इसे शिक्षा और संस्कृति का उत्सव बताया। 'एलैसिया 2026' शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सरोकार का ऐसा प्रेरक उत्सव बन गया। जिसे उपस्थित जनसमूह लंबे समय तक याद रखेगा।डूण्डलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव में संबोधित करते हुए सोनू सूद ने विद्यार्थियों को जीवन का असली अर्थ समझाया। उन्होंने अपनी मां की सीख साझा करते हुए कहा कि उनकी मां हमेशा कहती है कि सोनू अपनी जिंदगी की कलम में दुआओं की स्याही डाल ले, फिर देख तेरा नाम पन्नों पर नहीं आसमान पर लिखा जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। अगर किसी के मार्क्स दस कम आ गए या कोई दूसरा एक नंबर ज्यादा ले गया। तो इससे जीवन की दौड़ तय नहीं होती। एक कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ने भी छात्राओं की व्यक्तित्व और संवाद शैली की सराहना की। नए सत्र से कक्षा छह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कक्षा 3 से साइबर सिक्योरिटी की पढ़ाई शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश-सुबह की चिड़ियों की चहचहाहट, खेतों की हरियाली और सकारात्मक वातावरण-बच्चियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। स्कूल और गांव मिलकर छात्राओं को आगे बढ़ा रहे हैं।

### माही शेखावत किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बनी

**सीकर ।** भोपाल में आयोजित भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में माही शेखावत को किन्नर अखाड़ा भारतवर्ष द्वारा महामंडलेश्वर पद से सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर से आए संत-महात्माओं, साधु-संतों, श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दीं। यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बना। माही शेखावत को प्राप्त यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष, साधना और सेवा का परिणाम है, बल्कि पूरे किन्नर समाज के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय भी है । किन्नर अखाड़ा द्वारा महामंडलेश्वर की उपाधि प्रदान किया जाना अत्यंत प्रतिष्ठित एवं गौरवपूर्ण सम्मान माना जाता है। यह पद केवल उन्हीं व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जिन्होंने धर्म, समाज और मानवता की सेवा में अपना जीवन देते है।

## पोस्ट कार्ड अभियान

**झुंझुनूं ।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा संचालित झुंझुनूं मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के तहत चल रहे रेल मंत्री को लिखो पोस्ट कार्ड कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को झुंझुनूं शहर के विख्यात लोकतंत्र सैनानी एवं भामाशाह पुरुषोत्तमलाल राणासरिया के पीरवार की तीन पीढ़ियों का समर्थन मिला। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने सोमवार सुबह जब मोदियों की जाव स्थित राणासरिया के घर पर दस्तक दी तो अठावाल को देखकर घर के सभी सदस्य प्रफुल्लित हो गए और आत्मिय ढंग से स्वागत एवं सम्मान किया। सभी ने अभियान के प्रयासों की सराहना की। पुरुषोत्तमलाल राणासरिया, उनकी धर्मपत्नी मुनिया देवी, पुत्र अनिल राणासरिया, आदि।

## खाटू के लिये पदयात्रा 18 को

**सीकर ।** श्री श्याम मंदिर सत्संग समिति के तत्वावधान में फाल्गुन माह में परंपरागत रूप से निकलने वाली निशान पदयात्रा 18 फरवरी को सुबह 8:15 बजे श्री श्याम मंदिर, चिरंजी पनवाडी की गली से गाजे बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई खाटू के लिये प्रस्थान करेगी।

समिति द्वारा आयोजित इस 56 वीं निशान पदयात्रा कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये समिति के अध्यक्ष शम्भू दयाल मोदी एवं मंत्री पुरूषोतम शर्मा पांड्या ने बताया कि निशान पदयात्रा से पूर्व 17 फरवरी मंगलवार को श्री श्याम मंदिर चिरंजी पनवाड़ी की गली मे भव्य संकीर्तन का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें अतिथि कलाकार कुमार विजेंद्र नई दिल्ली सहित स्थानीय कलाकार भजनो की प्रस्तुतियां देगें।

18 फरवरी को मंदिर परिसर मे महाराज श्री पंडित नरेश जोशी के सानिध्य में निशान पूजन के बाद पदयात्रा खाटू के लिए प्रस्थान करेगी।

निशान पदयात्रियों के सेवार्थ प्रथम विश्राम तनेजा फार्म हाउस तथा रात्रि विश्राम पलसाना रेलवे स्टेशन स्थित धर्मशाला में रहेगा जहां भोजन प्रसादी के बाद कीर्तन होगा।

**नाम परिवर्तन**

मैं कला कंवर पत्नी नरपत सिंह Army No. JC-483814H, RANK-NB/SUB नाम नरपत सिंह, निवासी महलाना उत्तरादा, तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैंने मेरा नाम कैला कंवर से बदलकर कला कंवर रख लिया है। और इसे दुरूस्त करने की आवश्यकता है। शपथ ग्रहिता-कला कंवर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-II/TRUST/2026/249 चूंकि प्रार्थी श्री OM PRAKASH MODI, B-13 PATH NO.7 SIKAR ROAD VIJAYBARI, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास नर सेवा नारायण सेवा संस्थान BABA GANGARAM ATITHI BHAWAN, MODI ROAD, JHUNJHUNU के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 24.04.2026

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

**कार्यालय नगर पालिका नीमकाथाना**

NEEMKATHANA.JAIPUR@YAHOO.COM PHONE NO 01574-230035

क्रमांक:न.पा.नीम. / 2025-26/ दिनांक:

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका नीमकाथाना में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अतः निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो, तो नगरपालिका नीमकाथाना में 15 दिवस में मय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा म्याद गुजरने पश्चात् नियमानुसार आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | आवेदक का नाम | विवरण | भू-खण्ड/सम्पत्ति का विवरण जहां स्थित |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री लक्ष्मीनारायण यादव पुत्र श्री रिछपाल यादव, निवासी नीमकाथाना | आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन | वार्ड नं. 23, छावनी रोड़, नीमकाथाना में स्थित आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु क्षेत्रफल 235.33 व0गज |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका नीमकाथाना